इंडियन बैंक
Indian Bank

## विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती

मुख्यालय, चेन्नै स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अग्रणी, इंडियन बैंक, निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करता है :

| गतिविधि | तिथियाँ |
|---|---|
| अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन के करने/संशोधित करने सहित ऑनलाइन आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान(ऑनलाइन) | 22.01.2020 से 10.02.2020 |
| ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करें | 20.02.2020 से |
| ऑनलाइन परीक्षा | 08.03.2020 |

| पद कोड | पद | स्केल | रिक्तियाँ | अजा | अजजा | अपिवर्ग | आकवर्ग | यूआर | पीडबल्यूबीडी में से | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | ओसी | वीआई | एचआई | आईडी |
| 1 | सहायक प्रबंधक ऋण | I | 85 | 13 | 6 | 23 | 8 | 35 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 2 | प्रबंधक ऋण | II | 15 | 2 | 1 | 4 | 1 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | प्रबंधक सुरक्षा | II | 15 | 2 | 1 | 4 | 1 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | प्रबंधक फोरेक्स | II | 10 | 1 | 1 | 2 | 1 | 5 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | प्रबंधक विधि | II | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | प्रबंधक डीलर | II | 5 | 1 | 0 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | प्रबंधक जोखिम प्रबंधन | II | 5 | 1 | 0 | 1 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | वरिष्ठ प्रबंधक जोखिम प्रबंधन | III | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |

एक अभ्यर्थी केवल एक पद के लिए ही आवेदन कर सकता है और किसी भी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन नहीं करने चाहिए। एक से अधिक आवेदन करने पर केवल नवीनतम वैध(संपूरित) आवेदन ही सुरक्षित रखा जाएगा तथा अन्य एकाधिक पंजीकरणों के लिए किया गया शुल्क भुगतान/सूचना प्रभार जब्त कर लिया जाएगा।

नोट : रिक्तियों की संख्या तथा आरक्षित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार परिवर्तित हो सकती है। पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षण क्षैतिज आधार पर है और चयनित उम्मीदवारों को उपयुक्त श्रेणी (अर्थात अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / अनारक्षित) में रखा जाएगा, जिससे वे संबंधित हैं।

संक्षिप्ताक्षर इस प्रकार हैं : - अजा – अनुसूचित जाति , अजजा – अनुसूचित जनजाति , अपिवर्ग – अन्य पिछड़ा वर्ग , आक वर्ग – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, यूआर- अनारक्षित, पीडबल्यूडीबी- बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति, ओसी – ओर्थोग्रस्त विकलांग, वीआई – दृष्टि बाधित, एचआई – श्रवण दोष, आईडी – स्पष्ट निःशक्तता

**न्यूनतम मानदंडवाले दिव्यांगजनों हेतु आरक्षण**

"दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम , 2016" की धारा 34 के अंतर्गत न्यूनतम मानदंडवाले दिव्यांगजन आरक्षण के पात्र हैं। इस अधिनियम के अंतर्गत वर्णित आरक्षित दिव्यांगता वर्ग निम्न प्रकार हैं:

ए. दृष्टिहीनता एवं दृष्टि दोष;

बी. बधिर एवं श्रवण दोष;

सी. मस्तिष्क पक्षाघात, कुष्ठ रोग, नाटापन, तेजाब हमला पीड़ित तथा पेशियों में गतिरोध सहित प्रचलन संबंधी;

डी. आत्मकेंद्रित विकार, बौद्धिक निःशक्तता, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता तथा मानसिक;

ई. प्रत्येक निःशक्तता के लिए निर्धारित पदों में बधिर-दृष्टिबाधा सहित उपवाक्य (ए) से (डी) के अंतर्गत आनेवाले व्यक्तियों में से बहुनिःशक्तताएं

नोट: उपरोक्त विनिर्दिष्ट निःशक्तताओं की परिभाषा " दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार होगी।

**ईडबल्यूएस - (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)**

1. भारत सरकार द्वारा जारी अनुदेश दिनांक 19 जून , 2019 के कार्यालय ज्ञापन सं. डीओपीटी ओएम सं. 36039/1/2019 - स्थापना(आरईएस) के निदेशानुसार 10% रिक्तियाँ आर्थिकरूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित की गई हैं।

2. ऐसे व्यक्ति जो अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग में नहीं आते हैं और जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय रु.8.00 लाख(रु. आठ लाख मात्र) से कम है, को ईडबल्यूएस के अंतर्गत आरक्षण के लाभ के लिए चिन्हित किया जाना है। आय में सभी स्रोतों से आय शामिल होगी जैसे वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशा आदि और यह आवेदन वर्ष से पूर्व वित्तीय वर्ष के लिए होगी। ऐसे व्यक्ति जो पारिवारिक आय से निरक्षेप, निम्नलिखित संपत्ति रखते हैं भी ईडबल्यूएस के अंतर्गत शामिल नहीं किए जाएंगे:

i.) 5 एकड़ या अधिक कृषि भूमि;

ii.) 1000 वर्ग फीट या अधिक का आवासीय फ्लैट;

iii.) अधिसूचित नगरपालिका में 100 वर्ग गज या अधिक का आवासीय प्लॉट;

iv.) अधिसूचित नगरपालिका से भिन्न क्षेत्र में 200 वर्ग गज या अधिक का आवासीय प्लॉट;

3. ईडबल्यूएस स्थिति निर्धारित करने के लिए भूमि या संपत्ति परीक्षण लागू करते समय "पारिवार" विभिन्न स्थानों/ शहरों में की संपत्ति संयोजित की जाएगी।

4. ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आरक्षण का लाभ , सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने पर लिया जा सकता है। ईडब्ल्यूएस से संबंधित अभ्यर्थी के दावे के प्रमाण के रूप में केवल भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किसी भी प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र स्वीकार किया जाएगा। दस्तावेज़ सत्यापन / साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन / साक्षात्कार की प्रक्रिया के लिए उपस्थित होने के समय भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट अपेक्षित प्रमाण पत्र लाना होगा।

5. इस प्रयोजन के लिए "परिवार" शब्द में आरक्षण का लाभ चाहने वाले उस व्यक्ति सहित उसके माता-पिता और 18 वर्ष से कम आयु के उसके भाई-बहन तथा पति / पत्नी और उसके 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे शामिल शामिल होंगे।

6. इस संबंध में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन किया जाएगा।

**वेतनमान एवं परिलब्धियाँ**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्केल I - | 23700 | 980 / 7 | 30560 | 1145 / 2 | 32850 | 1310 / 7 | 42020 |
| Scale II - | 31705 | 1145 / 1 | 32850 | 1310 / 10 | 45950 | | |
| Scale III - | 42020 | 1310 / 5 | 48570 | 1460 / 2 | 51490 | | |

बैंक के नियमों के अनुसार डीए , सीसीए, एचआरए / लीज्ड आवास , अवकाश किराया रियायत , चिकित्सा सहायता, अस्पताल में भर्ती लाभ, सेवानिवृत्ति लाभ और अन्य अनुलाभ स्वीकार्य होंगे।

**पात्रता मापदंड**

**राष्ट्रीयता / नागरिकता**

अभ्यर्थी को दोनों में से कोई एक होना चाहिए -

(i) भारत का नागरिक या

(ii) नेपाल का नागरिक या

(iii) भूटान का नागरिक या

(iv) एक तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से 1 जनवरी 1962 से पहले भारत आया था या

(v) भारतीय मूल का व्यक्ति जो स्थायी रूप से निवास हेतु पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों केन्या, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया (पूर्व में तंजानिका और ज़ांज़ीबार) , ज़ाम्बिया, मलावी, ज़ैरे, इथियोपिया और वियतनाम से भारत आया हो , की श्रेणी में होना चाहिए। भारत में बसने, बशर्ते कि श्रेणियों (ii), (iii), (iv) और (v) से संबंधित अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।

**आयु, शैक्षिक योग्यता और योग्यता उत्तर कार्य अनुभव**

**आयु, शैक्षिक / अतिरिक्त / व्यावसायिक / वांछनीय योग्यता और कार्य अनुभव के लिए पात्रता पूरी करने हेतु तिथि 01.07.2019 है।**

| पद कोड | पद | आयु सीमा | शैक्षिक योग्यता | अनुभव (योग्यता के बाद) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्रबन्धक ऋण | न्यूनतम -20<br>अधिकतम -30 | 1. भारत सरकार / सरकारी नियामक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से किसी भी विषय में स्नातक और निम्नलिखित में से किसी विषय में स्नातकोत्तर (2 वर्ष की अवधि):<br>ए.कारोबार<br>बी.प्रबंधन<br>सी.वित्त<br>डी.बैंकिंग<br>या<br>2. भारत सरकार / सरकारी नियामक संस्थाओं द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से सीए / आईसीडब्ल्यूए / सीएफए, जहां भी लागू हो। | शून्य |
| 2 | प्रबन्धक ऋण | न्यूनतम -25<br>अधिकतम -35 | 1. भारत सरकार / सरकारी नियामक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से किसी भी विषय में स्नातक और निम्नलिखित में से किसी विषय में स्नातकोत्तर (2 वर्ष की अवधि):<br>ए.कारोबार<br>बी.प्रबंधन<br>सी.वित्त<br>डी.बैंकिंग<br>या<br>2. भारत सरकार / सरकारी नियामक संस्थाओं द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से सीए / आईसीडब्ल्यूए / सीएफए, जहां भी लागू हो। | सार्वजनिक / निजी / विदेशी बैंकों में ऋण में न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव। |

| पद कोड | पद | आयु सीमा | शैक्षिक योग्यता | अनुभव (योग्यता के बाद) |
|---|---|---|---|---|
| 3 | प्रबन्धक सुरक्षा | न्यूनतम -25<br>अधिकतम -35 | भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक। | भारतीय थलसेना / नौसेना / वायु सेना में एक कमीशन अधिकारी के रूप में 5 वर्ष (योग्यता पूर्व या योग्यता उत्तर अनुभव के माध्यम से) या पुलिस अधिकारी के रुप में पुलिस उपाधीक्षक के रैंक से कम नहीं होना चाहिए या सहायक कमांडेंट का पद या अर्धसैनिक बलों में समकक्ष रैंक से कम नहीं होना चाहिए। |
| 4 | प्रबन्धक फोरेक्स | न्यूनतम -25<br>अधिकतम -35 | 1. भारत सरकार / सरकारी नियामक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से किसी भी विषय में स्नातक और निम्नलिखित में से किसी विषय में स्नातकोत्तर (2 वर्ष की अवधि):<br>ए.कारोबार<br>बी.प्रबंधन<br>सी.वित्त<br>डी.बैंकिंग<br>या<br>2. भारत सरकार / सरकारी नियामक संस्थाओं द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से सीए / आईसीडब्ल्यूए / सीएफए, जहां भी लागू हो। | इंटरबैंक और क्रॉस करेंसी सौदों में सार्वजनिक / निजी / विदेशी बैंकों के साथ न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव। |
| 05 | प्रबन्धक विधि | न्यूनतम -25<br>अधिकतम -35 | विधि में स्नातक की डिग्री (एलएलबी) और बार काउंसिल में एक वकील के रूप में नामांकन। | बार काउंसिल में एक वकील के रूप में नामांकन और अधिवक्ता के रूप में कार्य करते हुए न्यूनतम 3 वर्ष का सक्रिय अनुभव।<br>या<br>सार्वजनिक / निजी / विदेशी बैंकों में विधि अधिकारी के रूप में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | प्रबन्धक डीलर | न्यूनतम -25<br>अधिकतम -35 | 1. भारत सरकार / सरकारी नियामक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से किसी भी विषय में स्नातक और निम्नलिखित में से किसी विषय में स्नातकोत्तर (2 वर्ष की अवधि):<br>ए.कारोबार<br>बी.प्रबंधन<br>सी.वित्त<br>डी.बैंकिंग<br>या<br>2. भारत सरकार / सरकारी नियामक संस्थाओं द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से सीए / आईसीडब्ल्यूए / सीएफए, जहां भी लागू हो। | जी सेक, मनी मार्केट, इक्विटी, एसएलआर और नॉन एसएलआर कार्य में सार्वजनिक / निजी / विदेशी बैंकों में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव। |
| 7 | प्रबन्धक जोखिम प्रबन्धन | न्यूनतम -25<br>अधिकतम -35 | किसी भी विषय में स्नातक और निम्नलिखित में से किसी में स्नातकोत्तर (2 वर्ष की अवधि):<br>ए.कारोबार<br>बी.प्रबंधन<br>सी.वित्त<br>डी.बैंकिंग<br>ई. सांख्यिकी<br>एफ़.अर्थमिति | न्यूनतम 1 वर्ष सार्वजनिक / निजी / विदेशी बैंकों में अनुभव। |
| 8 | वरिष्ठ प्रबन्धक जोखिम प्रबन्धन | न्यूनतम -27<br>अधिकतम -37 | 1.भारत सरकार / सरकारी नियामक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से<br>किसी भी विषय में स्नातक और निम्नलिखित में से किसी में स्नातकोत्तर (2 वर्ष की अवधि):<br>ए.कारोबार<br>बी.प्रबंधन<br>सी.वित्त<br>डी.बैंकिंग<br>ई. सांख्यिकी<br>एफ़.अर्थमिति<br>जी.अर्थशास्त्र<br>एच.जोखिम प्रबंधन<br>आई.गणित<br>या<br>2. किसी भी विषय में स्नातक और जीएआरपी से एफआरएम। | सार्वजनिक / निजी / विदेशी बैंकों में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव, जिसमें जोखिम प्रबंधन में 2 वर्ष का अनुभव। |

**ऊपरी आयु सीमा में छूट**

| क्र सं. | संवर्ग | आयु में छूट |
|---|---|---|
| ए | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थीगण | 5 वर्ष |
| बी | अन्य पिछड़ी जातियों (गैर-क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थीगण | 3 वर्ष |
| सी | "विकलांग अधिकार अधिनियम, 2016" के तहत बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति के रूप में परिभाषित | 10 वर्ष |
| डी | भूतपूर्व सैनिक , कमीशंड अधिकारीगण आकस्मिक कमीशंड अधिकारीगण (ईसीओ)/शॉर्ट सर्विस कमीशंड अधिकारीगण (एसएससीओ) सहित, जो कि कम से कम 5 वर्षीय सैन्य सेवा दे चुके हैं तथा जिन्हें कार्यभार (इसमें वे भी शामिल हैं , जिनका कार्यभार आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि से एक वर्ष के अंदर पूरा किया जाना नियत है) के समापन पर पदमुक्त किया गया है अन्यथा जिन्हें सैन्य सेवा हेतु निर्धारित शारीरिक निःशक्तता अथवा अमान्यीकरण अथवा अदक्षता अथवा दुराचरण के कारण बर्खास्त या कार्यमुक्त कर दिया गया है। | 5 वर्ष |
| ई | 01.01.1980 एवं 31.12.1989 की अवधि के दौरान साधारणतः जम्मू एवं कश्मीर राज्य में अधिवासित व्यक्तिगण | 5 वर्ष |
| एफ़ | 1984 के दंगों द्वारा प्रभावित व्यक्तिगण | 5 वर्ष |

**टिप्पणी:**

(i) सामान्य संवर्ग के अभ्यर्थियों के लिए योग्यता मानदंड के अनुसार विनिर्दिष्ट अधिकतम आयु लागू है।

(ii) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. के अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट की अनुमति , केवल उस एक शेष संवर्ग जिस हेतु उपरोक्त बिंदु सं. सी से एफ़ में वर्णितानुसार आयु छूट की अनुमति प्रदान की गई है, के साथ संचयी आधार पर दी गई है।

(iii) आयु छूट मांगनेवाले अभ्यर्थियों से अपेक्षित होगा कि वे साक्षात्कार के समय तथा भर्ती प्रक्रिया के किसी बाद के चरण में अनिवार्य प्रमाणपत्रों को मूलरूप में/प्रतियों के रूप में प्रस्तुत करें।

(iv) आयु में छूट के लिए पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय पॉइंट सं. ई के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट जिसके क्षेत्राधिकार में सामान्य रूप से अधिशासित थे या इस संबंध में सरकार द्वारा इस संबंध में किसी अन्य प्राधिकारी को इस आशय से नामित किया गया था कि उम्मीदवार का 1 जनवरी 1980 और दिसंबर 1989 के 31 वें दिन जम्मू-कश्मीर राज्य में डोमिसाइल था , से डोमिसाइल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(v) कोई भूतपूर्व सैनिक, जिसे अपने पुनः रोजगार हेतु एक भूतपूर्व सैनिक के रूप में दिए गए लाभों को प्राप्त करने के उपरान्त , सिविल साइड पर एक बार एक सरकारी नौकरी प्राप्त करते है, तो सरकारी नौकरियों में पुनः रोजगार के उद्देश्य के लिए उसकी भूतपूर्व सैनिक की स्थिति समाप्त हो जाती है।

यहां अधिकारी संवर्ग में भूतपूर्व सैनिकों के लिए कोई आरक्षण नहीं है।

**किसी लेखक की सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे न्यूनतम मानदंड वाले दिव्यांगजनों हेतु दिशानिर्देश**

नेत्रहीन दिव्यांग अभ्यर्थीगण तथा वे अभ्यर्थीगण जिनकी लेखन गति किसी कारणवश स्थायी रूप में प्रभावित है , वे परीक्षा के दौरान अपने व्यय पर अपना स्वयं के लेखक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सभी मामलों में , जहां लेखक के सेवा का इस्तेमाल किया जाता है, निम्नलिखित नियम लागू होंगे :

☐ अभ्यर्थी को स्वयं के व्यय पर अपने स्वयं के लेखक की व्यवस्था करनी होगी।

☐ लेखक पद हेतु अनुबंधित विषय से अलग दूसरे शैक्षिक विषय वाला होना चाहिए।

☐ अभ्यर्थी के साथ-साथ लेखक , दोनों को इस आशय को अभिपुष्ट करनेवाला एक उपयुक्त शपथपत्र देना होगा कि लेखक ऊपर वर्णित लेखक हेतु अनुबंधित समस्त पात्रता मानदंडों को पूर्ण करता है। इसके अतिरिक्त यदि बाद में यह पता चलता है कि वह किसी निर्धारित पात्रता मानदंड पर खरा नहीं उतरता अथवा वास्तविक तथ्यों को छिपाता है , तो परीक्षा परिणाम पर ध्यान दिए बिना आवेदक की अभ्यर्थिता निरस्त हो जाएगी।

☐वे अभ्यर्थीगण, जो एक लेखक के सेवा का इस्तेमाल करते हैं , वे 20 मिनट के क्षतिपूरक समय को पाने के पात्र होंगे अथवा अन्यथा उन्हें परीक्षा के प्रत्येक घंटे में सलाह प्रदान की जाएगी।

☐ अभ्यर्थी द्वारा लाया गया लेखक इस विज्ञापन में वर्णित पदों हेतु आवेदन करनेवाला कोई अभ्यर्थी नहीं होना चाहिए। यदि प्रक्रिया के किसी भी चरण में उपरोक्त शर्त का उल्लंघन होता है , तो अभ्यर्थी तथा उसके लेखक दोनों की अभ्यर्थिता निरस्त हो जाएगी। यदि अभ्यर्थी योग्य है और वह परीक्षा में किसी लेखक की सेवाएं लेने का इच्छुक है, तो उसे इस बात का निरपवाद रूप में ऑनलाइन आवेदन पत्र में सावधानीपूर्वक उल्लेख करना होगा। इसके बाद इस बारे में किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

☐ क्षतिपूर्ति समय के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को ही ऐसी छूटों की अनुमति प्रदान की जाएगी , क्योंकि अभ्यर्थियों को दिया जानेवाला क्षतिपूर्ति समय सिस्टम आधारित होगा। अतः परीक्षा का संचालन करनेवाली एजेंसी के लिए यह संभव नहीं होगा कि वह क्षतिपूर्ति समय के लिए अपंजीकृत किसी अभ्यर्थी को ऐसे समय की अनुमति प्रदान करे। ऐसे अभ्यर्थीगण जो क्षतिपूर्ति समय के लिए पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें ऐसी छूटों की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

**चलने-फिरने में निःशक्त तथा मस्तिष्कीय पक्षाघाती दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु दिशानिर्देश**

☐ चलने-फिरने में निःशक्त तथा मस्तिष्कीय पक्षाघाती दिव्यांग अभ्यर्थियों , जिन परिस्थितियों (लेखन की) में वे कार्य निष्पादन (कम से कम 40% दुर्बलता) में सबसे धीमी गति पर होते हैं , को प्रति घंटा बीस मिनट अथवा अन्यथा विचारित , का क्षतिपूर्ति समय प्रदान करने की अनुमति प्रदान करनी होगी।

**नेत्रहीन अभ्यर्थियों के लिए दिशानिर्देश**

☐ नेत्रहीन अभ्यर्थी (जो न्यूनतम 40 % नेत्रहीनता से पीड़ित हैं) परीक्षा की विषय-वस्तु को , छोटे फांट को बड़ा कर दिखानेवाले मैग्नीफायर उपकरण द्वारा देखने का विकल्प चुन सकते हैं तथा ऐसे सभी अभ्यर्थीगण परीक्षा के प्रति घंटा 20 मिनट अथवा अन्यथा विचारित, के क्षतिपूर्ति समय हेतु पात्र होंगे।

☐ परीक्षा की छोटी विषय-वस्तु को बड़ा कर दिखानेवाले मैग्नीफाईंग फांट इस्तेमाल करने की सुविधा उन नेत्रहीन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध नहीं होगी, जो परीक्षा के लिए किसी लेखक की सेवाएं लेते हैं।

**ये दिशानिर्देश भारत सरकार द्वारा समय-सयम पर जारी किए जानेवाले दिशानिर्देशों/स्पष्टीकरणों , यदि कोई हों , के नियमों के अधीन हैं ।**

**प्रोबेशन एंड कन्फर्मेशन**

स्केल I के पदों पर चयनित उम्मीदवार कार्यग्रहण करने की तारीख से 2 साल की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होंगे। स्केल II और III पदों पर चयनित उम्मीदवार कार्यग्रहण की तारीख से 1 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होंगे। बैंक की सेवा में उनकी पुष्टि इंडियन बैंक अधिकारी सेवा विनियम, 1979 के प्रावधानों के अनुसार तय की जाएगी।

**चयनित उम्मीदवारों की तैनाती और स्थानांतरण**

चयनित उम्मीदवारों को बैंक की आवश्यकता के अनुसार तैनात किया जाएगा और उसके बाद भारत में कहीं भी स्थानांतरित किया जा सकता है।

**न्यूनतम सेवावधि के लिए जमानती के साथ क्षतिपूर्ति बॉन्ड:**

नियुक्ति पर उम्मीदवार को सेवा को छोड़ने या सेवा से बीच में निकल जाने या इस्तीफा देने के इरादे को लिखित रूप में नोटिस दिए बिना बैंक में सेवाओं को छोड़ना या बीच में निकल जाना नहीं चाहिए। आवश्यक नोटिस की अवधि 3 महीने की सक्रिय सेवा होगी। उम्मीदवार को दो वर्ष की न्यूनतम अवधि बैंक की सेवा करने के वचन पत्र सहित जमानती के साथ क्षतिपूर्ति बॉन्ड का निष्पादन करना होगा। यदि एक नियुक्त उम्मीदवार बैंक में पदग्रहन करने की तारीख से 2 वर्ष की सेवा पूरी होने से पहले, सेवाओं को छोड़ने या बीच में निकल जाने या बैंक की सेवाओं से इस्तीफा देने का इरादा रखता / रखती है, तो वह अननुपालित नोटिस अवधि के लिए वेतन के साथ 2 लाख रुपये की बॉन्ड राशि और बैंक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किए गए लागत और बैंक द्वारा उसकी ओर से किए गए किसी भी अन्य खर्चों की प्रतिपूर्ति करेगा / करेगी।

**चयन प्रक्रिया**

पोस्ट कोड 3, प्रबंधक सुरक्षा के लिए चयन प्रक्रिया में आवेदन पत्रों से अभ्यर्थियों की लघुसूची होगी, उसके बाद साक्षात्कार समाविष्ट होगा।

अन्य पदों के लिए, चयन प्रक्रिया में परीक्षा संचालित होगा और व्यक्तिगत साक्षात्कार होगा।

**परीक्षा संरचना**

परीक्षा की संरचना निम्नानुसार होगी:

**अ. स्केल I एवं II के पदों के लिए ( पोस्ट कोड़ 1,2, 4, 6 एवं 7)**

| क्र सं. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी ज्ञान | 50 | 50 | 2 घंटे का समग्र समय |
| 2 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 50 | 25 | |
| 3 | तर्कशक्ति | 50 | 50 | |
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान (विशिष्ट वर्टिकल में) | 50 | 75 | |
| | कुल | 200 | 200 | |

**पोस्ट कोड5 के लिए**

| क्र सं. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी ज्ञान | 50 | 50 | 2 घंटे का समग्र समय |
| 2 | बैंकिंग उद्योग के संदर्भ के साथ सामान्य जागरूकता | 50 | 25 | |
| 3 | तर्कशक्ति | 50 | 50 | |
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान (विशिष्ट वर्टिकल में) | 50 | 75 | |
| | कुल | 200 | 200 | |

**आ. स्केल III के पदों के लिए (पोस्ट कोड 8)**

| क्र सं. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्यावसायिक ज्ञान (विशिष्ट वर्टिकल में) | 60 | 100 | 1 घंटा |

परीक्षा में न्यूनतम योग्यता अंक अनारक्षित / ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 40% है और अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति/ अन्य पिछड़ी जाति / पीडब्ल्यूडी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 35% है।

यदि किसी मामले में, बैंक की राय में , पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों ने न्यूनतम अंक प्राप्त करने के लिए योग्य नहीं है , जैसा कि ऑनलाइन परीक्षा में ऊपर निर्धारित किया गया है, बैंक के पास न्यूनतम अंक कम करने का अधिकार है ।

अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाने के लिए टेस्ट में कट ऑफ अंक अनारक्षित वर्ग के लिए रिक्ति के 3 गुना और आरक्षित वर्ग के लिए रिक्ति के 5 गुना के रूप में ली जाएगी।

**परीक्षा में गलत जवाब देने पर दंड**

संबंधित प्रश्न के लिए आवंटित अंक में से 1/4 का जुर्माना होगा, जिसके लिए उम्मीदवार द्वारा गलत उत्तर दिया जाता है। यदि कोई प्रश्न खाली छोड़ दिया जाता है, अर्थात उम्मीदवार द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दंड नहीं होगा।

**साक्षात्कार**

साक्षात्कार में न्यूनतम योग्यता अंक अनारक्षित / ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 40% है और अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति/ अन्य पिछड़ी जाति / पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 35% है।

**टेस्ट और साक्षात्कार के लिए भारित**

योग्यता क्रम सूची के लिए परीक्षा और साक्षात्कार का भारित 80:20 है।

**<u>योग्यता क्रम</u>**

परीक्षा / साक्षात्कार में एक ही अंक प्राप्त करने वाले दो या अधिक उम्मीदवारों की स्थिति में , योग्यता क्रम जन्म तिथि के अनुसार तय किया जाएगा अर्थात् आयु में वरिष्ठ उम्मीदवार को आयु में कनिष्ठ उम्मीदवार से पहले / उससे ऊपर रखा जाएगा।

नोट: बैंक चयन प्रक्रिया को बदलने / संशोधित करने का अधिकार रखता है।

**आवेदन कैसे करें**

विस्तृत दिशानिर्देश / प्रक्रियाएँ:
ए. आवेदन पंजीकरण
बी. फीस का भुगतान

उम्मीदवार केवल 22.01.2020 से 10.02.2020तक ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन का कोई अन्य मोड स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पंजीकरण से पहले, ध्यान दिये जाने वाले महत्वपूर्ण बिंदु:

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को निम्न बातों पर तैयार रहना चाहिए-

अभ्यर्थी अपने तस्वीर और हस्ताक्षर स्कैन करें और यह सुनिश्चित करें कि फोटोग्राफ और हस्ताक्षर दोनों आवश्यक विनिर्देशों का पालन करते हैं जैसा कि इस विज्ञापन के अनुबंध II में दिया गया है।

मान्य व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर रखें, जिसे इस भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। बैंक पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से परीक्षा के लिए कॉल लेटर, यदि कोई हो, और साक्षात्कार और / या समूह चर्चा के लिए कॉल लेटर आदि भेज सकते हैं। अभ्यर्थी को कॉल लेटर/ साक्षात्कार तिथि सूचना आदि प्राप्त करने के लिए अपनी ई-मेल आईडी को सक्रिय रखने की सलाह दी जाती है। यदि पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भे जी गई सूचना, किसी भी कारण से वापस जाता है तो बैंक कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा।

आवेदन शुल्क / सूचना शुल्क (अप्रतिदेय)

- अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति/ पीडबल्यूबीडी अभ्यर्थीयों के लिए – रु. 100/- + जीएसटी
- अन्य अभ्यर्थीयों के लिए – रु. 600/- + जीएसटी

ऑनलाइन में शुल्क का भुगतान: 22.01.2020 से 10.02.2020
(दोनों दिन सम्मिलित हैं)

आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक लेनदेन शुल्क अभ्यर्थी को वहन करना होगा।

**आवेदन प्रक्रिया**

**ए)** अभ्यर्थी, बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in पर जाएँ तथा "Career" पेज पर क्लिक करें एवं इसके अंतर्गत Recruitment of Specialist Officers 2019-20 क्लिक करें।

**बी)** आवेदन पंजीकृत करने के लिए "Click here for New Registration" टैब का चयन करें। नाम, संपर्क विवरण एवं ईमेल आईडी के विवरण प्रविष्ट करें। सिस्टम द्वारा एक अस्थायी पंजीकरण संख्या एवं पासवोर्ड जनरेट होगा और स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। अभ्यर्थी अस्थायी पंजीकरण संख्या एवं पासवोर्ड नोट कर लें। अस्थायी पंजीकरण संख्या एवं पासवोर्ड ईमेल एवं एसएमएस द्वारा भी भेज दिया जाएगा।

**सी)** यदि अभ्यर्थी एक बार में आवेदन फॉर्म को पूरा नहीं कर पाता है , तो वह "SAVE AND NEXT" टैब चुनकर पहले से दर्ज डेटा को सेव कर सकता है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र में विवरण को सत्यापित करने के लिए , "SAVE AND NEXT" सुविधा का उपयोग करें और यदि आवश्यक हो तो उसी को संशोधित करें। दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र को सावधानीपूर्वक भरना चाहिए और अंतिम सत्यापन से पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विवरण सत्यापित है तथा यह सुनिश्चित करें कि वह सही है या नहीं।

**डी)** अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में भरे गए विवरणों को सावधानीपूर्वक भरने और सत्यापित करने की सलाह दी जाती है क्योंकि FINAL SUBMIT BUTTON पर क्लिक करने के बाद कोई बदलाव संभव नहीं होगा।

**ई)** अभ्यर्थी या उसके पिता / पति आदि के नाम को आवेदन में सही ढंग से लिखा जाना चाहिए जैसा कि यह प्रमाण पत्र / मार्क शीट में दिखाई देता है। कोई भी परिवर्तन पाए जाने पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित हो सकती है।

**एफ़)** अपने विवरणों को सत्यापित करें और "validate your details" को क्लिक करें तथा "SAVE AND NEXT" बटन पर क्लिक करके अपना आवेदन सेव करें।

**जी)** अभ्यर्थी (अनुबंध II) में दिए गए फोटो और हस्ताक्षर और फोटो अपलोड करने के दिशानिर्देश एवं स्पेसिफिकेशन के अनुसार फोटो और हस्ताक्षर अपलोड कर सकते हैं।

**एच)** अभ्यर्थी आवेदन पत्र के अन्य विवरण भरने के लिए आगे बढ़ें।

**आई)** FINAL SUBMIT से पहले पूरे आवेदन फॉर्म का पूर्वावलोकन और सत्यापन करने के लिए Preview Tab पर क्लिक करें।

**जे)** यदि आवश्यक हो , तो विवरण संशोधित करें , और सत्यापित करें और सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा अपलोड किए गए फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और अन्य विवरण सही हैं, उसके बाद ही "FINAL SUBMIT" पर क्लिक करें।

**के)** "PAYMENT" टैब पर क्लिक करें और ऑनलाइन भुगतान के लिए आगे बढ़ें।

**शुल्क का भुगतान (केवल ऑनलाइन मोड में)**

**ए)** आवेदन पत्र भुगतान गेटवे के साथ एकीकृत है और निदेशों का पालन करके भुगतान प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

**बी)** भुगतान डेबिट या क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करके स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी प्रदान करके किया जा सकता है। ऑनलाइन भुगतान के लिए लेनदेन शुल्क, यदि कोई हो, अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जाएगा।

**सी)** ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपनी भुगतान जानकारी जमा करने के बाद , सर्वर से सूचना के लिए प्रतीक्षा करें। दोगुना चार्ज से बचने के लिए, बैक या रिफ्रेश बटन का उपयोग न करें।

**डी)** लेनदेन के सफल समापन पर, एक ई-रसीद जेनरेट किया जाएगा।

**ई)** 'ई रसीद' की न प्राप्ति होने पर भुगतान की विफलता को सूचित करेगी। भुगतान की विफलता पर, अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे अपने अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके फिर से लॉगिन करें और भुगतान की प्रक्रिया को दोहराएं।

**एफ़)** अभ्यर्थी को ई-रसीद और ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेना आवश्यक है। कृपया ध्यान दें कि यदि इसे जेनरेट नहीं किया जा सकता है तो ऑनलाइन लेनदेन सफल नहीं हो सकता है।

**जी)** क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं के लिए: सभी शुल्क भारतीय रुपये में सूचीबद्ध हैं। यदि आप एक गैर-भारतीय क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं, आपका बैंक प्रचलित विनिमय दर के आधार पर आपकी स्थानीय मुद्रा में परिवर्तित करेगा।

**एच)** अपने डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कृपया अपना लेनदेन पूरा होने के बाद ब्राउज़र विंडो बंद करें।

फीस के भुगतान सहित ऑन-लाइन आवेदन करने की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद , अभ्यर्थी को सिस्टम द्वारा जेनरेट किए गए ऑन-लाइन आवेदन का एक प्रिंटआउट लेना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भरे हुए विवरण सटीक हैं और इसे भविष्य के संदर्भ के लिए अपने पंजीकरण संख्या और पासवर्ड के साथ रखें। उन्हें यह प्रिंटआउट बैंक को नहीं भेजना चाहिए।

एक ऑनलाइन आवेदन जोकि किसी संदर्भ में अपूर्ण है जैसे कि यह ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपलोड न किए गए उचित पासपोर्ट आकार की फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर / असफल शुल्क भुगतान सहित है , तो ऐसे आवेदन को वैध नहीं माना जाएगा और इसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

अभ्यर्थियों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे इंटरनेट पर हेवी लोड/वेबसाइट जाम के कारण वेबसाइट पर लॉग ऑन होने में होनेवाली विफलता/अयोग्यता/डिस्कनेक्शन की संभावना की अनदेखी करने के लिए समापन तिथि से पर्याप्त समय पूर्व ऑन-लाइन आवेदन करें तथा शुल्क/सूचना प्रभार जमा करने हेतु अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें।

कृपया नोट करें कि उपरोक्त प्रक्रिया ही आवेदन करने के लिए एकमात्र वैध प्रक्रिया है। आवेदन की कोई अन्य विधि अथवा अपूर्ण उपाय स्वीकार्य नहीं होंगे तथा ऐसे आवेदन निरस्त हो जाएंगे।

किसी आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र में प्रस्तुत की गई कोई भी सूचना अभ्यर्थी पर व्यक्तिगत रूप में बाध्यकारी होगी तथा यदि बाद के किसी चरण में उसके द्वारा प्रस्तुत जानकारी/विवरण गलत पाए जाते हैं तो ऐसी स्थिति में वह ही अभियोग/सिविल परिणामों के लिए उत्तरदायी होगा।

**बुलावा पत्र:**

योग्य अभ्यर्थियों को परीक्षा / साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र केवल ई-मेल के माध्यम से अथवा बैंक वैबसाइट के माध्यम से जारी किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह है कि वे अपने विवरण अर्थात पंजीकरण संख्या / अनुक्रमांक तथा पासवार्ड / जन्मतिथि को प्रविष्ट कर बैंक की वैबसाइट से अपने बुलावा पत्र डाउनलोड कर लें। बुलावा पत्र या सूचना पत्र इत्यादि की वास्तविक प्रति डाक / कोरियर द्वारा नहीं भेजी जाएगी।

**इसके अलावा क्रमशः परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र में पंजीकृत ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर पर ई-मेल तथा एसएमएस द्वारा सूचनाएँ भेजी जाएगी। बैंक, मोबाइल नंबर, ई-मेल पता में हुए किसी परिवर्तन, तकनीकी खराबी अथवा बैंक के नियंत्रण से**

**बाहर अन्यथा किसी कारणवश अभ्यर्थियों को ई-मेल/एसएमएस के माध्यम से प्रेषित किसी सूचना की विलंब से हुई प्राप्ति/अप्राप्ति हेतु उत्तरदायित्व नहीं लेगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह है कि वे विवरणों , अद्यतनों तथा किसी ऐसी सूचना जो भावी मार्गदर्शन हेतु प्रदर्शित हो सकती है , हेतु नियमित रूप में बैंक की वेबसाइट देखते रहें। साथ ही वे भर्ती प्रक्रिया के दौरान समय-समय पर अपने पंजीकृत ई-मेल खाते को भी जांचते रहें।**

**परीक्षा/साक्षात्कार हेतु परीक्षा केन्द्र**

प्रारंभिक परीक्षा का संचालन भारत भर के विभिन्न केन्द्रों के स्थलों पर किया जाएगा। परीक्षा हेतु केन्द्रों की अतिम सूची परिशिष्ट-**I** में उपलब्ध है। साक्षात्कार चेन्नै में संचालित किए जाएंगे।
बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह अभ्यर्थी को उसके द्वारा चुने गए केन्द्र के अलावा किसी अन्य केन्द्र का आबंटन कर सकता है।

परीक्षा/साक्षात्कार हेतु केन्द्र के परिवर्तन के लिए किसी अनुरोध पर विचार नहीं होगा।

अभ्यर्थी को किसी केन्द्र पर परीक्षा/साक्षात्कार हेतु अपने स्वयं के जोखिम तथा व्यय पर उपस्थित होना होगा तथा बैंक , इस संबंध में हुई किसी प्रकार की चोट अथवा हानि इत्यादि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी भी परीक्षा/साक्षात्कार केन्द्र को निरस्त कर सकता है तथा/अथवा कुछ अन्य केन्द्रों को बढ़ा सकता है तथा/अथवा वैकल्पिक व्यवस्थाएं कर सकता है।

**सामान्य अनुदेश**

- अभ्यर्थियों को कम से कम न्यूनतम वर्षों हेतु एक अथवा एक से अधिक ऐसे नियोक्ताओं , जिनके साथ उन्हें अनुभव प्राप्त हुआ, से अपेक्षितानुसार, साक्षात्कार के समय पर प्रस्तुत किए जाने हेतु मूल अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाणपत्र में वह अवधि वर्णित होनी चाहिए , जिस दौरान उन्होंने संबंधित विभाग अथवा डोमेन में कार्य किया है। शिक्षण प्रशिक्षण अनुभव पर विचार नहीं होगा। अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाणपत्/र की स्वीकार्यता के संबंध में बैंक द्वारा लिया गया अंतिम निर्णय, बैंक के पास सुरक्षित है तथा अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी है।
- अभ्यर्थियों को निरपवाद रूप में क्रमशः परीक्षा साक्षात्कार के समय पर वैध बुलावा पत्र/, फोटो पहचान साक्ष्य-की एक छायाप्रति जमा करना होगा जिस पर वही नामांकित होना चाहिए जैसे अपेक्षित प्रलेखों को प्रस्तुत है जो कि आवेदन पत्र इत्यादि पर अंकित है ।
- उपरोक्त विशेषज्ञ पदों हेतु आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे इस विज्ञापन में वर्णित योग्यता तथा अन्य प्रतिमानकों को पूर्ण करते हैं। अभ्यर्थियों को इसलिए सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ें तथा आवेदन पत्र जमा करने के लिए दिए गए समस्त अनुदेशों का अनुसरण करें।
- परीक्षा हेतु अभ्यर्थी का प्रवेश तथा बाद की प्रक्रियाएं वास्तव में अनंतिम हैं। केवल इस तथ्य/साक्षात्कार हेतु लघुसूचीकरण/ से कि बुलावा पत्र अभ्यर्थी को जारी कर दिया गया है, यह अर्थ नहीं निकाला जा सकता कि उसकी अभ्यर्थिता को बैंक द्वारा अन्तिम रूप में स्वीकृत कर दिया गया है। बैंक, प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी आवेदन को अस्वीकार करने, यदि किसी चरण में पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी योग्यता प्रतिमानकों को पूर्ण नहीं करता तथागलत/अथवा कि उसने असत्य/ प्रल/प्रमाणपत्र/सूचनाेख प्रस्तुत किए हैं अथवा उसने किसी वास्तविक तथ्य को छुपाया है , तो ऐसे अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता को निरस्त करने , के लिए स्वतंत्र होगा। यदि किसी अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता इस विज्ञापन के नियमों एवं शर्तों के अनुसार किसी कारणवश निरस्त की जाती है , तो इस संबंध में किसी भावी अभिवेदन पर विचार नहीं होगा। ऐसे निर्णय अन्तिम

तथा अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होंगे। यदि इनमें से कोई त्रुटि , बैंक में नियुक्ति के उपरान्त पाई जाती है , तो अभ्यर्थी की सेवाएं पूर्ण रूप से समाप्त कर दी जाएगी।

- अभ्यर्थी की पात्रता, जिन स्तरों पर इस तरह की पात्रता की जांच की जानी है , योगताएँ तथा अन्य पात्रता प्रतिमानक , परीक्षा साक्षात्कार हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले प्रलेख /, सत्यापन इत्यादि और इस भर्ती से संबन्धित अन्य मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम होगा । इस संबंध में बैंक द्वारा कोई पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ नहीं की जाएगी ।
- इस भर्ती प्रक्रिया के लिए उम्मीदवार द्वारा व्यवस्थित किए गए लेखक को स्वयं अभ्यर्थी नहीं होना चाहिए। यदि प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उपरोक्त उल्लंघन का पाया जाता है, तो अभ्यर्थी और लेखक के सीडबल्यूई के लिए अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी ।
- एक अभ्यर्थी केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकता है और किसी भी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन जमा नहीं किया जाना चाहिए । एक से अधिक आवेदन जमा करने की स्थिति में केवल नवीनतम वैध आवेदन को बरकरार (पूर्ण) रखा जाएगा और अन्यएक से अधिक पंजीकरणों के लिए भुगतान किए गए आवेदन शुल्क सूचना /प्रभार जब्त हो जाएगा ।
- परीक्षासाक्षात्कार में / किए जाने वाले किसी भी अनियंत्रित व्यवहार दुर्व्यवहार /के परिणामस्वरूप अभ्यर्थिता निरस्त हो जाएगी /बैंक द्वारा भविष्य में संचालित की जाने वाली परीक्षाओं हेतु अपात्र माना जाएगा ।
- परीक्षा साक्षात्कार में एकाधिक उपस्थिति / को खारिज कर दिया जाएगा अभ्यर्थिता रद्द कर / दी जाएगी।
- एक बार पंजीकृत हो चुके ऑनलाइन आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और या एक बार भुगतान /किया गया आवेदन शुल्क सूचना /प्रभार वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा के लिए आरक्षित रखा जाएगा ।
- अनुचित लाभ के लिए किसी भी प्रकार से सिफारिश करवाने या प्रभावित करने वाले प्रक्रिया के लिए अपात्र होंगे ।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र में वर्णित पते , विवरणों में किसी भी प्रकार के परिवर्तन हेतु कोई भी आवेदन विचारनीय नहीं होगा ।
- परीक्षा साक्षात्कार के लिए तारीख /, समय और स्थान बदलने के लिए किसी भी प्रकार के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
- यदि अंग्रेजी के अलावा इस विज्ञापन के किसी भी अन्य भाषा संस्करण में खंडों उपवाक्यों / की व्याख्या के कारण कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
- अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समस्त स्थानों यथा बुलावा पत्र , उपस्थिति पत्रक, इत्यादि तथा भविष्य में बैंक के साथ किए जाने वाले सभी प्रकार के पत्राचारों में संलग्न हस्ताक्षर एक जैसे होने चाहिए तथा किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं होना चाहिए । बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर अस्वीकार्य होंगे ।
- अभ्यार्थी को ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक नवीनतम , पहचानने योग्य फोटोग्राफ (4.5 सें.मी. 3.5 सें.मी.) अपलोड करना होगा तथा अथ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि इसकी प्रतियों को प्रक्रिया के विभिन्न (चरणों में उपयोग हेतु सुरक्षित रखा गया है । अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि जब तक प्रक्रिया समाप्त नहीं होती तब तक वे अपने रंग-रूप , व्यक्तित्व में परिवर्तन न करें । प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में समान फोटोग्राफ प्रस्तुत करने में चूक होने अथवा किसी चरण में उनके पहचान से संबन्धित संदेह की स्थिति में अभ्यर्थी को अयोग्य माना जाएगा । परीक्षा की प्रक्रिया में किसी समस्यां के उत्प न्नध होने की संभावना पूरी तरह खारिज नहीं की जा सकती , जिसके कारण परीक्षा संचालन तथा/अथवा परिणाम की घोषणा प्रभावित हो सकता है। ऐसी स्थिति में ऐसी समस्या , जिसमें अभ्यर्थियों को अन्य स्थान

जाने और परीक्षा में विलंब जैसी परिस्थितियां सम्मिलित हो सकती है , के निवारण हेतु हर संभव प्रयास किया जाएगा। परीक्षा का पुन:संचालन करना बैंक के पूर्ण विवेकाधिकार के अधीन है। अभ्यर्थीगण किसी प्रकार से पुन: परीक्षा के लिए कोई दावा नहीं कर सकेंगे। ऐसे अभ्यर्थीगण जो अन्य स्थान में परीक्षा देने के इच्छुक नहीं है या परीक्षा की देरी के कारण प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक नहीं है, उन्हें प्रक्रिया से अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

- अभ्यर्थियों को साक्षात्कासर हेतु अपने स्वायं के व्य्य पर उपस्थित होना होगा । हालांकि अ.जा/अ.ज.जा./ न्यूनतम मानदंडवाले दिव्यांयगजन संवर्गीय अभ्यर्थियों , जिन्हे साक्षात्कायर हेतु शहर से बाहर बुलाया गया है , उन्हें सबसे सीधी यात्रा मार्ग द्वारा की गई यात्रा(रेल/बस टिकट इत्यादि) के साक्ष्य की प्रस्तुति पर द्वितीय श्रेणी का आने एवं जाने का रेलवे/बस किराया अथवा खर्च किया गया वास्तविक व्यय , जो भी कम हो , भुगतान किया जाएगा । उपरोक्त छूट ऐसे अ.जा/अ.ज.जा/न्यूानतम मानदंड वाले दिव्यांगजन संवर्ग अभ्यर्थियों के लिए लागू नहीं होगी , जो केन्द्र/राज्य सरकार , कॉर्पोरेशन, सार्वजनिक उपक्रमों / स्थ नीय सरकार, संस्थानों एवं पंचायतों इत्यादि में पहले से ही सेवारत हैं।
- बैंक किसी अनधिकृत व्यक्ति/ संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गई गलत सूचना/ आवेदन हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन विवरणों के बारे में किसी को कुछ नहीं बताएं/ न ही उसका उल्लेख करें।
- किसी भी प्रकार के मानदंड , चयन की विधि तथा इत्यादि को परिवर्तित (निरस्त/संशोधन/जोड़ने) करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।
- सूचनाएं केवल उन ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर धारक अभ्ययर्थियों को ई-मेल तथा/अथवा एसएमएस द्वारा प्रेषित की जाएंगी, जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपने विवरण दिए होंगे। एसएमएस/ई-मेल की अप्राप्ति का दावा विचारित नहीं होगा तथा ऐसे दावा करनेवाले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इस भर्ती परियोजना से संबंधित जानकारी हेतु बैंक वेबसाइट www.indianbank.in का करियर पेज नियमित रूप से देखें ।
- यदि मोबाइल नंबर, ईमेल के पते में परिवर्तन-, तकनीकी त्रुटि या अन्यथा, जो बैंक के नियंत्रण से बाहर है, के कारण अभ्ययर्थियों तक जानकारी सूचनाएँ नहीं पहुँचती हैं तो इसके लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा तथा अभ्ययर्थियों को / सलाह दी जाती है कि वे इस भर्ती परियोजना से संबंधित जानकारी हेतु बैंक वेबसाइट www.indianbank.in का करियर पेज नियमित रूप से देखें ।

**बायोमैट्रिक डाटा – कैप्चरिंग एवं सत्यापन**

ऑनलाइन परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान और फोटोग्राफ़) को कैप्चर करने का निर्णय लिया गया है।

तत्पश्चात, बायोमेट्रिक डेटा और फोटोग्राफ को सत्यापित किया जाएगा। बायोमेट्रिक डेटा सत्यापन की स्थिति (मिलान या बेमेल) के संबंध में सत्यापन प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे सुचारू प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें :

- अगर उंगुलियों पर कोई कोट है (रंगीन/मेहंदी/मुद्रांकित स्याही आदि) , तो उसे अच्छी तरह से धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा / साक्षात्कार / तैनाती के दिन से पहले कोटिंग पूरी तरह से हट जाए।

- यदि उंगलियां गंदी या धूल भरी हैं , तो उन्हें फिंगर प्रिंट कैप्चर (बायोमेट्रिक) करने से पहले धोना और सुखना सुनिश्चित करें ।
- सुनिश्चित करें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हैं। यदि उंगलियां नम हैं, तो उन्हें सुखाने के लिए प्रत्येक उंगली को पोंछें।

• यदि कैप्चर की जाने वाली प्राथमिक उंगली जखमी / (अंगूठा) अपकृत है , तो परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को तुरंत सूचित करें।

**पहचान की जांच :**

अ. प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़:

परीक्षा हॉल में, कॉल लेटर के साथ अभ्यर्थी के फोटो पहचान पत्र (ठीक उसी नाम की , जो कॉल लेटर में दर्शाया गया है , जैसे कि पैन कार्ड/ पासपोर्ट/ स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस/ मतदाता पहचान पत्र / बैंक पास बुक फोटोग्राफ सहित/ राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र/ जनप्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र/ विश्वविद्यालय / मान्यता प्राप्त कॉलेज द्वारा जारी पहचान पत्र/ कर्मचारी पहचान पत्र/ ई-आधार कार्ड फोटोग्राफ सहित निरीक्षक को सत्यापन हेतु प्रस्तुत की जाए। उपस्थिति सूची एवं आवश्यक दस्तावेजों में अभ्यर्थी के कॉल लेटर विवरण के संबंध में उसकी पहचान का सत्यापन किया जाएगा । यदि , अभ्यर्थी की पहचान संदेहास्पद है, तो अभ्यर्थी को परीक्षा देने से रोका जा सकता है ।

आ. राशन कार्ड तथा प्रशिक्षु ड्राइविंग लाइसेंस मान्य नहीं होंगे क्योंकि इस प्रोजेक्ट के लिए यह वैध पहचान प्रमाण पत्र नहीं हैं।

इ. जिन उम्मीदवारों ने अपना नाम बदल लिया है , उन्हें केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब वे मूल राजपत्र अधिसूचना मूल / मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करेंगे। / विवाह प्रमाण पत्र

नोट: अभ्यर्थियों को मूल रूप में उसी नाम वाला पहचान पत्र प्रस्तुत करना है , जो ऑनलाइन आवेदन पत्र/ कॉल लेटर में दर्शाया गया है तथा परीक्षा देते समय कॉल लेटर के साथ फोटो पहचान पत्र की प्रति प्रस्तुत करें , इसके बिना उन्हें परीक्षा में शामिल होने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।

**दुर्व्यवहार /अनुचित माध्यमों का इस्तेमाल करने वाले अभ्यार्थियों के विरुद्ध कार्रवाई**

अभ्यर्थियों को उनके स्वयं के हित में सलाह है कि उन्हें ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय ऐसा कोई विवरण प्रस्तुत नहीं करना चाहिए जो गलत हो , जिसके साथ छेड़छाड़ की गई हो अथवा जो मनगढ़ंत हो तथा उन्हें कोई वास्तविक जानकारी छुपानी नहीं चाहिए।

परीक्षा / साक्षात्कार के समय अथवा इसके पश्चात चयन प्रक्रिया में यदि कोई अभ्यर्थी निम्नीलिखित बातों/व्यवहारों के लिए दोषी पाया जाता है (अथवा पाया गया हो)-

**निम्नज का दोषी -**

i. अनुचित माध्यीमों का इस्तेसमाल करते हुए अथवा
ii. वेश बदलना अथवा किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करना अथवा
iii. परीक्षा/साक्षात्कार कक्ष में दुर्व्यवहार करना अथवा परीक्षा की विषय-वस्तुि अथवा उसके अंदर की किसी जानकारी को पूरी तरह अथवा उसके अंश को किसी भी रूप में अथवा किसी भी माध्यम से , मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक रूप में अथवा

यांत्रिकी रूप में किसी भी उद्देश्ये हेतु प्रकट करना , प्रकाशित करना, पुनर्लेखन करना, संचारण करना अथवा संचारण का सरलीकरण करना तथा संचयन करना अथवा

iv. अपनी अभ्यनर्थिता के संबंध में किसी अनियमित अथवा अनुचित माध्यपम का सहारा लेना अथवा

v. अपनी अभ्यअर्थिता के लिए अनुचित माध्यसमों से समर्थन प्राप्त करना अथवा

vi. परीक्षासाक्षात्का /र कक्ष में मोबाइल अथवा उसके समतुल्य संचार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना,

vii. ऐसा कोई भी अभ्यथर्थी, आपराधिक अभियोग के लिए उत्तरदायी स्वयं को प्रस्तुत करने के अलावा /, निम्न हेतु उत्त रदायी होगा:

क. उस परीक्षा हेतु अयोग्या ठहरा दिया जाना जिस हेतु वह एक अभ्य र्थी है।

ख. बैंक द्वारा संचालित होने वाली किसी भी परीक्षा में बैठने के लिए एक निर्दिष्टप अवधि हेतु अथवा स्थानयी रूप में रोक लगा दिया जाना।

ग. यदि अभ्यार्थी पहले से बैंक में कार्य ग्रहण कर लिया है तो अपनी सेवा समाप्ति के लिए ।

सही तथा गलत उत्तरों की समानता के प्रतिमानों का पता लगाने के लिए बैंक व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के प्रत्युत्तरों (उत्तरों) का अन्य अभ्यर्थियों के उत्तरों के साथ विश्लेषण कर सकता है। यदि इस संबंध में बैंक द्वारा अंगीकार किए गए विश्लेषणात्मक प्रक्रिया में यह निष्कर्ष निकलता है/ निकला कि प्रत्युत्तकरों को साझा किया गया है और प्राप्तांक वास्तविक/वैध नहीं हैं , तो बैंक के पास संबंधित अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है तथा ऐसे अभ्यर्थियों (अपात्र) का परिणाम रोक दिया जाएगा ।

**घोषणाएं**

इस प्रक्रिया से संबंधित समस्त भावी घोषणाएं/विवरण समय-समय पर केवल बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in के करियर पेज पर प्रकाशित की जाएंगी/उपलब्ध होंगी।

केवल उन अभ्यर्थयों को आवेदन करने की आवश्यकता है , जो बैंक द्वारा अनुबंधित नियमों एवं शर्तों पर सहमत हैं तथा योग्यता मानदंड का पालन करते हैं।

**अस्वीकरण:**

चयन के किसी भी चरण में एक उम्मीदवार द्वारा दिया गया गलत जानकारी और / या प्रक्रिया उल्लंघन का पता चलता है , तो इस चयन प्रक्रिया से उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उम्मीदवार को भविष्य में बैंक की किसी भी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि इस तरह के उदाहरण वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान पता नहीं चलता है , लेकिन बाद में पता चलता है, तो इस तरह की अयोग्यता पूर्वव्यापी प्रभाव के साथ होगी । विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती हेतु इस प्रक्रिया से संबंधित महाप्रबंधक (एचआरडी एवं एचआरएम) , इंडियन बैंक द्वारा दिया गया / दिए जाने वाले स्पतष्टीकरण/निर्णय अन्तिम तथा बाध्यिकारी होंगे।

**चेन्नै** **महाप्रबन्धक (एचआर)**

## परीक्षा का केंद्र

| राज्यष / केन्द्र शासित प्रदेश/ एनसीआर | परीक्षा केन्द्र् |
|---|---|
| अंडमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर |
| आन्ध्रब प्रदेश | विजयवाड़ा, विशाखपटनम |
| अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर |
| असम | गुवाहाटी |
| बिहार | पटना, पूर्णिया |
| चण्डीागढ | चण्डीागढ |
| छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| दादरा और नगर हवेली | सूरत |
| दमन और दीव | |
| दिल्ली | दिल्ली, फरीदाबाद, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, गुडगांव |
| गोवा | पणजी |
| गुजरात | अहमदाबाद |
| हरियाणा | हिसार |
| हिमाचल प्रदेश | शिमला, सोलन |
| जम्मूल एवं कश्मी र | जम्मूल/श्रीनगर |
| झारखंड | रांची |
| कर्नाटक | बेंगलुरू, हुबली |
| केरल | कोच्चि, तिरुवनन्तपुरम |
| लक्षद्वीप | कावरत्ती |
| मध्यद प्रदेश | भोपाल |
| महाराष्ट्रत | औरंगाबाद, मुंबई/ठाणे/ नवी  मुंबई, नागपुर, पुणे |
| मणिपुर | इम्फाल |
| मेघालय | शिलांग |
| मिजोरम | आइजोल |
| नागालैंड | कोहिमा |
| ओडिशा | भुवनेश्व र |
| पुदुच्चेरी | पुदुच्चेररी |
| पंजाब | अमृतसर, मोहाली |
| राजस्थाेन | जयपुर, उदयपुर |
| सिक्किम | गंगटोक |
| तमिलनाडु | चेन्नैइ मदुरै, तिरुनेलवेली |
| तेलंगाना | हैदराबाद |
| त्रिपुरा | अगरतला |
| उत्तलर प्रदेश | इलाहाबाद, लखनऊ, मीरठ |
| उत्तराखंड | देहरादून |
| पश्चिम बंगाल | ग्रेटर कोलकाता, सिलीगुड़ी |

**फोटोग्राफ (4.5से.मी × 3.5से.मी) और हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी को नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार अपनी फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन (डिजिटल) इमेज की आवश्यकता होगी।

**फोटोग्राफ इमेज:**

- फोटोग्राफ हाल की पासपोर्ट स्टाइल की रंगीन तस्वीर होनी चाहिए।
- सुनिश्चित करें कि तस्वीर रंगीन है, फोटो हल्के रंग, अधिमानतः सफेद पृष्ठभूमि के साथ लिया गया है।
- रिलैक्स फेस के साथ कैमरे को देखें।
- यदि तस्वीर धूप में ली गई है, यदि आपके पीछे सूरज है, तो अपने आप को छाया में रखें, ताकि आप स्क्विंटिंग न करें और कोई कठोर छाया न हो.
- यदि आपको फ्लैश का उपयोग करते हैं, तो सुनिश्चित करें कि आँख "लाल-आंख" नहीं है।
- यदि आप चश्मा पहनते हैं तो सुनिश्चित करें कि कोई रिफलेक्शन नहीं है और आपकी आँखें स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं।
- टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे स्वीकार्य नहीं हैं। धार्मिक हेडवियर की अनुमति है, लेकिन यह आपके चेहरे को कवर नहीं करना चाहिए।
- डायमेंशन 200 x 230 पिक्सेल (अधिमानतः)
- फाइल का साइज 20kb-50kb के बीच होना चाहिए।
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई तस्वीर का साइज 50kb से अधिक नहीं है। यदि फ़ाइल का साइज 50 kb से अधिक है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग्स को समायोजित करें जैसे कि डीपीआई रिज़ल्यूशन, रंग आदि।

**हस्ताक्षर का इमेज:**

- आवेदक को श्वेत पेपर पर ब्लैक इंक पेन से हस्ताक्षर करना होगा।
- हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा।
- हस्ताक्षर का उपयोग उपस्थिति पत्र और जहां भी आवश्यक हो के लिए किया जाएगा।
- परीक्षा के समय कॉल लेटर और उपस्थिति पत्रक पर प्राप्त आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड किए गए हस्ताक्षर से मेल खाना चाहिए। हस्ताक्षर मेल नहीं होने पर, आवेदक को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
- डायमेंशन 140 x 60 पिक्सेल (अधिमानतः)
- फाइल का साइज 10kb-20kb के बीच होना चाहिए।
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई तस्वीर का साइज 20kb से अधिक नहीं है।
- कैपिटल अक्षर में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करना:**

- स्कैनर रिज़ल्यूशन को न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इंच) पर सेट करें.
- रंग को सही रंग पर सेट करें।
- ऊपर निर्दिष्ट के अनुसार फ़ाइल साइज।

- फोटोग्राफ / हस्ताक्षर के किनारे पर स्कैनर में इमेज को क्रॉप करें, फिर अपलोड एडिटर का उपयोग करके इमेज को अंतिम साइज में लाएं (जैसा कि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है)।
- इमेज फ़ाइल JPG या JPEG प्रारूप की होनी चाहिए। उदाहरण के लिए एक फ़ाइल नाम है : image01.jpg or image01.jpeg इमेज डायमेंशन को फ़ोल्डर फ़ाइलों में सूचीबद्ध करके या फ़ाइल इमेज आइकन पर माउस को ले जाकर चेक किया जा सकता है।
- एमएस विंडोज / एमएसऑफिस का उपयोग करने वाले अभ्यर्थी आसानी से एमएस पेंट या एमएसऑफिस पिक्चर मैनेजर का उपयोग करके .jpeg प्रारूप में क्रमशः 50kb और 20kb तक इमेज प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी प्रारूप में स्कैन किए गए फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को फ़ाइल मेनू में 'Save As' विकल्प का उपयोग करके .jpg प्रारूप में सेव किया जा सकता है और क्रॉप का उपयोग करके और उसके बाद इमेज मेनू में रिसाइज विकल्प (कृपया पिक्सेल साइज के लिए पॉइंट (i) और (ii) देखें) का उपयोग कर साइज 50 kb (फोटोग्राफ) और 20 kb (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है । इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध हैं।
- यदि फ़ाइल का साइज और प्रारूप निर्धारित नहीं है, तो एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के दौरान, अभ्यर्थी को उसकी तस्वीर और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए एक लिंक प्रदान किया जाएगा।

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने की प्रक्रिया**

- फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग-अलग लिंक होंगे।
- “Upload Photograph / Signature” संबंधित लिंक पर क्लिक करें.
- लोकेशन को ब्राउज़ एवं स्लेक्ट करें जहां स्कैन की गई तस्वीषर/हस्तालक्षफ़ाइल को सहेजा गया है।
- उस पर क्लिक करके फाइल को सेलेक्टे करें
- ‘Open/Upload’ बटन को क्लिक करें।

जब तक आप अपनी तस्वीर और हस्ताक्षर अपलोड नहीं करते हैं, तब तक आपका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा ।

**नोट :**

(1) यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर में चेहरा स्पष्ट नहीं है तो अभ्यर्थी के आवेदन को अस्वीकार कर दिया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन पत्र में फोटोग्राफ /हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद, उम्मीदवारों को यह जांच करना चाहिए कि इमेज स्पष्ट हैं और सही तरीके से अपलोड किए गए हैं। यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर सही रूप से दिखाई नहीं दे रहे हैं, तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को बदल सकता है और फॉर्म जमा करने से पहले अपने फोटोग्राफ या हस्ताक्षर को फिर से अपलोड कर सकता है।

(2) ऑनलाइन पंजीकरण करने के बाद अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे अपने सिस्टम से जनरेटेड ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट लें।

(3) अभ्यर्थी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि फोटो , फोटो के स्थान पर और हस्ताक्षर , हस्ताक्षर के स्थान पर अपलोड किया गया है। यदि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर ठीक से अपलोड नहीं किया गया है, तो अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।